श्याम तेरी माला जपी ना एक बार

तीन बार भोजन, भजन एक बार,
श्याम तेरी माला जपी ना एक बार.......

पहली बार माला जपने बैठी,
आ गई पड़ोसन करण लगी बात,
धर दई माला, फेंकन लगी हाथ,
तीन बार भोजन, भजन एक बार,
श्याम तेरी माला.......

दूजी बार माला जपने बैठी,
आ गयी बहुअर पटक दियो लाल,
धर दई माला, खिलाओ मेरो लाल,
तीन बार भोजन, भजन एक बार,
श्याम तेरी माला.......

तीजी बार माला जपने बैठी,
आ गयी बेटी जमाई लेके साथ,
धर दई माला, बिछाने लगी खाट,
तीन बार भोजन, भजन एक बार,
श्याम तेरी माला.......

चौथी बार माला जपने बैठी,
आ गए सैया परोसन लगी थाल,
धर दई माला, करण लगी बात,
तीन बार भोजन, भजन एक बार,
श्याम तेरी माला.......

पांचवी बार माला जपने बैठी,
आ गए दूत पकड़ लियो हाथ,
धर दई माला, चलो मेरे साथ,
तीन बार भोजन, भजन एक बार,
श्याम तेरी माला.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31874/title/shyam-teri-mala-japi-na-ek-baar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |